कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री विजय कुमार मीना, निवासी ग्राम खेडला गदाली, पोस्ट रोत हडिया तहसील महवा जिला दौसा राज0— 321608

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा जिला दौसा

अपील संख्या 48/2023

निर्णय दिनांक 31.08.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2023/1526 दिनांक 31.07.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा को निर्देशित किये जाने के उपरांत भी अपीलांट को वांछित नकल/सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत नहीं कराया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा